**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 04.07.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. जल शक्ति मंत्रालय ने गृह मंत्रालय के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर 7वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार का शुभारंभ किया है।
2. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की उच्च स्तरीय समिति ने लोक निवास में बैठक कर ग्रेट निकोबार द्वीप के विकास पर चर्चा की।
3. गैर–सीटीईटी योग्य शिक्षकों के लिए शिक्षा विभाग की ओर से दैनिक ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित की जाएंगी।
4. राज्य परिवहन विभाग की ओर से एसटीएस बस सेवाओं में डिजिटल भुगतान किराया प्रणाली शुरु।

<><><><><><><>

जल शक्ति मंत्रालय ने गृह मंत्रालय के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर 7वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार का शुभारंभ किया है। सभी आवेदन ऑनलाइन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल www.awards.gov.in के माध्यम से भेजे जा सकते हैं। पात्र संगठन, संस्थाएं और आवेदक अधिक जानकारी के लिए पोर्टल या जल संसाधन, नदी विकास और गंगा पुनर्जीवन विभाग की वेबसाइट www.jalshakti-dowr.gov.in पर जा सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि अगले महीने की 28 तारीख है। मंत्रालय ने कहा कि ये पुरस्कार जल समृद्ध भारत के सरकारी दृष्टिकोण को साकार करने में देश भर के राज्यों, जिलों, व्यक्तियों और संगठनों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों और प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू किए गए हैं। इसका उद्देश्य जनता को जल के महत्व के प्रति जागरूक करना और उन्हें जल उपयोग के सर्वोत्तम तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। राष्ट्रीय जल पुरस्कारों का उद्देश्य हितधारकों को देश में जल संसाधन प्रबंधन के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

<><><><><><><>

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष व केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश गोयल, और उच्च स्तरीय समिति के स्थायी सदस्य व अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस के महानिदेशक डॉ. सत्य प्रकाश यादव ने द्वीपसमूह के दौरे के दौरान कल लोक निवास में उपराज्यपाल, सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की। यह मुलाकात ग्रेट निकोबार द्वीपसमूह के सतत विकास के लिए आयोजित 5वीं उच्च स्तरीय समिति की बैठक के सिलसिले में हुई। बैठक में ग्रेट

निकोबार द्वीप समूह में मेगा रणनीतिक और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निर्माण और संचालन चरणों के दौरान लागू किए जाने वाले शमन उपायों, ई आई ए और आई सी आर जेड अधिसूचनाओं के तहत संरक्षण एवं नियामक ढांचे, द्वीप के वन क्षेत्र के परिवर्तन, प्रतिपूरक वनीकरण और जनजातीय समुदायों के गैर–विस्थापन पर चर्चा की गई।

<><><><><><><>

सरकार ने बैट–बी.एम.एस, इपोक–आई–आयन और लॉसिगी ऐप्स को गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर से हटाने का आदेश दिया है। यह कदम सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को देखते हुए उठाया गया है। इन ऐप्स का इस्तेमाल ई–रिक्शा की बैटरी को ब्लूटूथ के जरिए दूर से बंद करने के लिए किया जा रहा था।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने सेवा वितरण में सुधार करने के उद्देश्य से, श्री विजयपुरम तहसील से संबंधित लंबित भूमि परिवर्तन के मामलों के त्वरित निपटान के लिए पहल शुरू की है। इसी सिलसिले में, कल प्रातरापुर में सहायक आयुक्त, कमलेश्वर राव एस., की अध्यक्षता में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान भूमि परिवर्तन के 91 मामलों पर सुनवाई की गई और संबंधित नियमों एवं विनियमों के प्रावधानों के अनुसार उनका निपटान किया गया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के गैर–सीटीईटी योग्य शिक्षकों की सुविधा के लिए शिक्षा विभाग की ओर से www.youtube.com/@SIEOfficial-AN के माध्यम से दैनिक ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इस संबंध में, आगामी सीटीईटी परीक्षा – 2026 के लिए समय सारणी के अनुसार मॉक टेस्ट आयोजित किया जाएगा। मॉक टेस्ट 18 जुलाई से 29 अगस्त तक चलेगा। सभी गैर–सीटीईटी योग्य शिक्षक परीक्षा की तैयारी के लिए ऑनलाइन मॉक टेस्ट में शामिल हो सकते हैं। यह परीक्षा राज्य शिक्षा संस्थान के मार्गदर्शन में संबंधित क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

राज्य परिवहन विभाग की ओर से कार्यान्वयन के पहले चरण में प्रशासन द्वारा संचालित एसटीएस बस सेवाओं में क्यूआर कोड–आधारित कैशलेस किराया संग्रह प्रणाली की शुरुआत की गई है। इस पहल का उद्देश्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में पारदर्शिता, दक्षता और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के

साथ–साथ यात्रियों को एक सुरक्षित, संरक्षित और परेशानी मुक्त डिजिटल भुगतान विकल्प प्रदान करना है। इस पहल के तहत, यात्री अब बस कंडक्टरों के पास उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन कर किसी भी यूपीआई मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से बस किराए का भुगतान कर सकते हैं। परिवहन विभाग ने आम जनता से इस डिजिटल भुगतान सुविधा का उपयोग करने की अपील की है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रंगलाल हलदर ने कच्छाल द्वीप के लोगों की लंबित मांग को पूरा करने के लिए जहाजरानी सेवा निदेशालय से श्री विजयपुरम और कच्छाल द्वीप के बीच नियमित सीधी जहाज सेवा शुरू करने का आग्रह किया है। अपने लिखे पत्र में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सीधे जहाज के अभाव में यात्रियों को संपर्क द्वीपों के माध्यम से लंबी और असुविधाजनक यात्राएं करनी पड़ रही है। श्री हलदर ने कहा कि नियमित सीधी जहाज सेवा शुरू होने से यात्रियों की सुविधा में सुधार, आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति, व्यापार तथा वाणिज्य को बढ़ावा और यात्रा के समय और परिवहन लागत में कमी आएगी। साथ ही इस कछाल द्वीप के सामाजिक–आर्थिक विकास को मजबूती मिलेगी। इसे देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने जहाजरानी सेवा निदेशक से इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाने की अपील की है।

<><><><><><><>

नागपुर में 39वीं राष्ट्रीय अंडर–7 ओपन और गर्ल्स चेस चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देश भर से लगभग 440 सबसे युवा शतरंज खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में एसीएम नुहान सिद्दीकी वी. के. और मेधाश डी द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

<><><><><><><>

नशा मुक्ति सप्ताह और देशव्यापी अभियान 'नशा मुक्त भारत, खुशहाल भारत' के हिस्से के रूप में, दक्षिण अंडमान पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अपना निरंतर अभियान जारी रखा है। इस सिलसिले में हाल ही में स्वराज द्वीप पुलिस थाना टीम ने हेलीपैड पार्किंग क्षेत्र के पास छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान, एक व्यक्ति को लगभग 200 ग्राम गांजा और एक इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में स्वराज द्वीप थाने में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज आगे की जांच की जा रही है।

<><><><><><><>

**<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>**

**द डेली टेलीग्राम्स** ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस के महानिदेशक द्वारा कल लोक निवास में उपराज्यपाल से मुलाकात कर ग्रेट निकोबार के विकास पर चर्चा करने के समाचार को अपनी बड़ी हेडलाइन बनाई है। **द्वीप समाचार** ने भी इस खबर को प्रमुखता से छापा है। **अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेज़ी** ने खेल एवं युवा मामले निदेशालय से जुड़े सभी कर्मियों को नशा विरोधी पोर्टल पर पंजीकरण करने की अपील के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है। **इंफो इंडिया** ने आशा वर्करों द्वारा 9 जुलाई को होने वाले देशव्यापी विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के समाचार को प्रमुखता दी है, जबकि फीफा वर्ल्ड कप में रामोस और रोनाल्डो के गोल की बदौलत पुर्तगाल की जीत के समाचार को **द इको ऑफ इंडिया** ने अपने खेल पृष्ठ में जगह दी है।

<><><><><><><>